**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–18.05.2024 (संध्या 1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला में एनडीए प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के पक्ष में जनसभा को करेंगे संबोधित।**
- **इंडी गठबंधन ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए लगाया जोर, झामुमो नेत्री और प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने किया मेगा रोड शो।**
- **पांचवें चरण के तहत चतरा, कोडरमा और हजारीबाग लोकसभा चुनाव और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए थमा प्रचार का शोर, संवेदनशील बूथों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना, 20 मई को डाले जाएंगे वोट।**
- **जेल में बंद मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और नौकर जहांगीर आलम की रिमांड अवधि तीन दिनों के लिए बढ़ी।**

- **राज्य के आठ जिलों में हीटवेव को लेकर मौसम विभाग का येलो अलर्ट, पूर्वी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में कल हो सकती है बारिश।**

**समाचार विस्तार से।**

*******************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला में एनडीए के प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उनकी जनसभा ताम्र मैदान में होगी। इसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। एसएसपी किशोर कौशल और ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग लगातार सभा स्थल की सुरक्षा का जायजा ले रहे हैं। रांची, लोहरदगा और अन्य जिलों से भी अतिरिक्त फोर्स घाटशिला भेजे गये हैं। प्रधानमंत्री की जनसभा को देखते हुए पूर्वी सिंहभूम जिला स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल टीम का गठन किया है। सभा स्थल पर सिविल सर्जन डॉ जुझार मांझी मौजूद रहेंगे। सिविल सर्जन ने टीम बना कर डॉक्टरों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी है।

*******************

गांडेय विधानसभा उपचुनाव के प्रचार समाप्ति के पूर्व इंडी गठबंधन की ओर से मेगा रोड शो का आयोजन किया गया। कल्पना सोरेन ने फुलजोरी, प्रतापपुर, मेदनी सारे, धोवियाडीह, लच्छूडीह, हरीला, फूल झरिया, अहलियापुर, महेश मुंडा, बाघरा आदि क्षेत्रों में रोड शो के माध्यम से अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। सड़क के दोनों ओर भारी संख्या में लोगों ने खड़े होकर कल्पना सोरेन का अभिवादन किया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता और मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, डॉ इरफान अंसारी समेत इंडी गठबंधन के कई नेताओं ने हिस्सा लिया।

*******************

झारखंड में पांचवें चरण का चुनाव प्रचार आज शाम 5 बजे समाप्त हो गया। इस चरण में चतरा, कोडरमा और हज़ारीबाग़ लोकसभा सीट पर चुनाव और गांडेय विधान सभा सीट पर उपचुनाव के लिये 20 मई को मतदान होगा। इस चरण के चुनाव में कुल 54 उम्मीदवार मैदान में हैं।

झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि पांचवें चरण के तहत हो रहे चुनाव के लिए लातेहार और चतरा के लिए पोलिंग पार्टियों को आज रवाना कर दिया गया। इन दोनों जिलों के पैंसठ बूथ के लिए एक सौ अड़तालीस पोलिंग पर्सन को हेलिड्रॉपिंग और तेरह बूथ के लिए ट्रेन से भेजा गया है।

उन्होंने बताया कि कोडरमा और हजारीबाग में होने वाले मतदान को लेकर पोलिंग पार्टियों को कल रवाना किया जाएगा।

*******************

हजारीबाग चुनाव में एक से बढ़कर एक भाजपा के स्टार प्रचारकों ने हुंकार भरी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हजारीबाग की भी आने की संभावना थी लेकिन वो नहीं पहुँचे। उन्होंने एक वीडियो जारी किया है जिसके जरिए उन्होंने मनीष जयसवाल के पक्ष में वोट मांगा है।

*******************

लोकसभा निर्वाचन को लेकर धनबाद नगर निगम स्वीप कार्यक्रम के तहत कल लूबी सर्कुलर रोड में हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया जायेगा। सुबह छह से नौ बजे तक कार्यक्रम होगा।

झारखंड सर्किल के डाक सेवा निदेशक पंकज कुमार मिश्रा ने डाक विभाग के सभी कर्मियों सहित अन्य लोगों से मतदान करने की अपील की है।

*******************

लातेहार जिले में 20 मई को होने वाले चतरा लोकसभा चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गयी है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता –

*******************

जेल में बंद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम की रिमांड अवधि ईडी कोर्ट ने तीन दिनों के लिए बढ़ा दी है। पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए ईडी के अधिकारियों ने रिमांड अवधि बढ़ाने की मांग की थी। इस पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने मंजूरी दे दी है।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार हजारीबाग के डीड राइटर इरशाद अख्तर, तापस घोष और संजीत कुमार की रिमांड अवधि खत्म होने पर आज ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने पेशी के बाद तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। तापस घोष और संजीत कुमार रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस कोलकाता के कर्मी हैं। ईडी ने इन तीनों को नौ मई को गिरफ्तार किया था। हजारीबाग कोर्ट के डीड राइटर इरशाद मूल दस्तावेज में हेराफेरी कर फर्जी डीड तैयार करता था जबकि द रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस कार्यालय, कोलकाता के कर्मी तापस घोष पर कार्यालय से जमीन के मूल दस्तावेज को गायब करने का आरोप है। संजीत कुमार पर भी कार्यालय से डीड गायब करने का आरोप है। ईडी ने इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 11 आरोपितों की गिरफ्तार किया है।

*******************

देवघर जिले के सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा की अध्यक्षता में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कल्याणपुर, में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।

*******************

ओल्ड एज होम खूंटी में बुजुर्गों के लिए छह दिवसीय कैंपेन के तहत डालसा के जरिए स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। सदर अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सों की टीम ने ओल्ड एज होम के 26 वृद्धों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें दवा के साथ ही चिकित्सीय परामर्श दिये।

*******************

झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2024 का परीक्षाफल जारी कर दिया गया है। परीक्षार्थी अपना रिजल्ट आयोग की आधिकारिक वेबसाइट जेसीईसीईबी डॉट झारखंड डॉट जीओवी डॉट इन (jceceb-jharkhand-gov-in) पर रिजल्ट कॉलम में देख सकते हैं।

********************

भीषण गर्मी को देखते हुए कल से दो दिनों तक के लिए मौसम विभाग की ओर से यलो अलर्ट जारी किया गया है। कल गढ़वा, पलामू, देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहेबगंज जिलों में कहीं– कहीं हीट वेव की स्थिति देखी जा सकती है। वहीं राज्य के पूर्वी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में कल कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश होने की संभावना है। 20 मई को राज्य के पूर्वी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

********समाप्त********